Title: Need to augment the power supply to Chhattisgarh.

श्रीमती करुणा शुक्ला (जांजगीर) : अध्यक्ष महोदय, केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार की बहुत अधिक मात्रा में बिजली की कटौती की गयी है, जिससे प्रदेश में बिजली का भारी संकट व्याप्त हो गया है। प्रदेश सरकार को निजी क्षेत्रों से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। जिस कारण से सरकार तथा जनता के ऊपर भारी वित्तीय बोझ पड़ रहा है। इस कारण प्रदेश की जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है क्योंकि उनको बिजली नियमित रूप से नहीं मिल पा रही है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि छत्तीसगढ़ राज्य के हिस्से की जो बिजली कटौती केन्द्र सरकार ने की है, उसे तुरंत बहाल किया जाये ताकि लोगों को राहत मिल सके।